तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

14 तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका ...



13 साइबर अपराध को लेकर समाज कार्य के ...



## खबर संक्षेप

### विधायक निषाद ने विधानसभा में रखीं क्षेत्र की प्रमुख मांगें



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद ने चालू बजट सत्र में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न मांगों को याचिका के माध्यम से विधानसभा पटल पर रखा है। जिसमें ग्राम सिंगारपुर में माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन, ग्राम खलारी में प्राथमिक शाला भवन निर्माण, ग्राम भरदाकला में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण, ग्राम तिलखैरी से सलौनी मार्ग निर्माण, मोखा जलाशय का जीर्णोद्धार, ग्राम घीना, लासाटोला, डुण्डेरा, नवागांव से धनगांव तक नहर नाली निर्माण करने, गुण्डरदेही मे औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नवीन ट्रेड प्रारंभ करने, नगर पंचायत अर्जुंदा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था खोलने की बात कही है।

### सुरेश बने भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सदस्य



**गुण्डरदेही।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने गुण्डरदेही नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुण्डरदेही इकाई के अध्यक्ष सुरेश सोनी को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सदस्य का नियुक्ति पर गुण्डरदेही नगर के भाजपा पदाधिकारीगण व व्यापारियो ने हर्ष व्यक्त की है।

# उप-डाकपाल जयप्रकाश को केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

▪ डाक सेवाओं के विस्तार में योगदान से मिली पहचान

विगत दिनों नई दिल्ली स्थित संचार भवन में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग की लोक-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए दल्लीराजहरा के उप डाकपाल जयप्रकाश जायसवाल को सम्मानित किया। उनके समर्पण, कर्मठता और सेवा भावना की विशेष रूप से सराहना की गई। जयप्रकाश जायसवाल अपने कार्यक्षेत्र में मृदुभाषी, संवेदनशील और जनसेवाभावी अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं। उन्होंने विगत वर्षों में सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा और डिजिटल बैंकिंग जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाई है। उनकी सक्रियता और कार्यशैली के कारण उन्हें देशभर के चुनिंदा उत्कृष्ट कर्मचारियों के साथ इस गौरवपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## संचार मंत्री ने सराहा छत्तीसगढ़ के सेवा मॉडल को



### समीक्षा बैठक में दिए सुझाव

कार्यक्रम के दौरान संचार मंत्री ने विभागीय प्रगति और भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की। जयप्रकाश जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में डाक सेवाओं के विस्तार, तकनीकी सुधार और डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाने को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में डाक महानिदेशक, सचिव (भारतीय डाक) सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और देशभर से आए कर्मठ कर्मचारी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर दल्लीराजहरा सहित पूरे छत्तीसगढ़ के डाक परिवार में हर्ष की लहर है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि निष्ठा, संवेदनशीलता और सेवा-भावना से किया गया कार्य ही वास्तविक सम्मान का मार्ग प्रशस्त करता है। उक्त जानकारी सरिता गौतम मधु द्वारा दी गई।

## सौगात

### होली से पहले किसानों को बड़ी सौगात

# जिले के 1.48 लाख किसानों को 511 करोड़ से अधिक की अंतर राशि आज होगी जारी

हरिभूमि न्यूज:बालोद

आज जिले के 1 लाख 48 हजार 293 किसानों के खाते में समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अंतर की 511 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपये की राशि एकमुश्त आएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के अन्नदाता किसानों के मेहतन का सम्मान करते हुए होली त्योहार के पूर्व महत्वपूर्ण सौगात दी जा रही है। इसके अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत राज्य के पंजीकृत किसान जिनके धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई है उनके खाते में एकमुश्त अंतर की राशि का वितरण शनिवार 28 फरवरी को प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्डों में आयोजित वृहद कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा।



### कृषक उन्नति योजना के तहत राशि का वितरण

राज्य शासन द्वारा प्रदेश में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड में अपरान्ह 12.30 बजे से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत बालोद जिले के 01 लाख 48 हजार 293 किसानों के खाते में समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अंतर की 511 करोड़ 11 लाख 06 हजार रुपये की राशि एकमुश्त अंतरित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों के खाते में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की अंतर की राशि अंतरण के अवसर पर जिले के सभी पांचों विकासखण्डों में एक–एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य अतिथि कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से शामिल होंगे।

### आयोजन का होगा सीधा प्रसारण

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान के समर्थन मूल्य की अंतर राशि वितरण हेतु जिले के चयनित कृषि उपज मण्डी एवं प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में बिलासपुर जिले के बिल्हा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति डौण्डीलोहारा, गुरुर विकासखण्ड के बोहारडीह कृषि उपज मण्डी परिसर, गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति परसतराई, बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति पीपरछेड़ी एवं डौण्डी विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा का चयन किया गया है। जहां किसानों को धान के समर्थन मूल्य की अंतर राशि वितरण की औपचारिकता की जाएगी।

**दो आरोपियों से करीब 2 किलो गांजा बरामद: भिलाई।** थाना कुम्हारी और भिलाई नगर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को 1.763 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत कार्रवाई की गई। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

हरिभूमि
कार्यालय कांकेर में भर्ती
पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर
रिक्त पद
सीनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य
जूनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक
संपर्क करें - 7000955574



खबर संक्षेप

## पंचायत प्रतिनिधियों की मनमानी से जनता परेशान, शिकायत

दुर्ग। ग्राम पंचायत बोरी के ग्रामीणों ने प्रतिनिधियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। इसे लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत भी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के सचिव अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कार्य कर रहे हैं। लोगों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। पंचायत संबंधित कुछ भी जानकारी देने से मना करना, स्कूली बच्चों की जाति, निवास प्रतिवेदन में लेट लतीफ करते हैं। उनके पास दो-दो बड़े पंचायत का प्रभार है। इसके चलते ग्रामीणों का काम अच्छे से नहीं हो पा रहा है। सप्ताह में दो से तीन दिन बैठते हैं। उनका समय, तारीख तय नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बोरी पंचायत बड़ा पंचायत है। यहां प्रभारी सचिव नहीं स्वतंत्र सचिव का जरूरत है। शिकायत करने वालो में ग्रामीण पोषण सेन, जितेंद्र यादव, कुलदीप देशमुख, विकास देशमुख, दुष्यंत देशमुख, सीताराम देशमुख, हेमकरण यादव, देवराज निषाद, भानुप्रताप निषाद, यशवंत निषाद, प्रमिला निषाद, पीलू निषाद, सीमा निषाद, सौहाद्रा यादव सहित अन्य शामिल हैं।

## डॉ. मनोज भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त



भिलाई। दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की सहमति से डॉ. मनोज ठाकरे को दुर्ग जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. ठाकरे 30 वर्षों से भाजपा में सक्रिय भागीदारी दे रहे हैं। उनका सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान रहा है। नियुक्ति पर राजेंद्र सुंदगरिया, प्रशांत क्षीरसागर, हितेश तिवारी, नरेंद्र राठौड़, बालू राम वर्मा, नीति चौरसिया, विवेकानंद समिति के दीपक मिश्रा, किशोर कनोजे, आशा वैद्य अरुण सावरकर, सरिता शर्मा, पार्षद सविता डवस, डॉ. लक्ष्यपद, डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ. मेघराज साहू, डॉ. प्रमोद नामदेव आदि ने हर्ष जताया है।

## स्पर्धा में भाग लेगी दुर्ग की क्रासकंट्री महिला टीम

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की क्रासकंट्री महिला मैग्लोर विश्वविद्यालय कर्नाटका में 27 फरवरी को आयोजित ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रासकंट्री महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित कराया गया।

# दुर्ग को मिलेगा नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही कई बड़े कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय बजट 2026-27 में इन कामों को शामिल किया गया है।

उनमें नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस जैसे कार्य शामिल है। इसे लेकर शिक्षामंत्री और दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता की समस्याएं सुनते रहे हैं और उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**शिक्षामंत्री यादव ने मुख्यमंत्री साय और वित्तमंत्री चौधरी का जताया आभार**

### सड़क होगी चौड़ी

जेल तिराह से मिनीमाता पुलगांव चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। फोरलेन सड़क की स्वीकृति शासन ने दी। सड़क के बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इसी सड़क पर महाराजा चौक के पास नए फ्लाईओवर का प्रावधान बजट में किया गया है। आगामी दिनों में वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति के बाद काम शुरू होगा।



### शासन के बजट में इन कामों को किया गया शामिल, खुलेगा नया संगीत महाविद्यालय

7वीं बटालियन की 6.50 किमी लंबी आंतरिक सड़क निर्माण, प्रमुख सड़कों का करीब 10 किमी उन्नयन, परेतिन चौक गयानगर से उरला फाटक तक सड़क निर्माण, 1.50 किमी धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग से करहीडीह पहुंच मार्ग, रायपुर नाका से सिंधी कॉलोनी होते हुए ठगड़ा बांध पहुंच मार्ग 3 किमी, 1.50 किमी कर्मचारी नगर के आंतरिक सड़क का डामरीकरण, बेलौदी एनीकट से प्रेमनगर होते हुए धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग तक पहुंच मार्ग, साइंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन केनाल रोड, पुलगांव नाला का डायवर्सन, तिरगा और गनियारी जलाशय की लाइनिंग, गांधी पुतला से हेमचंद विश्वविद्यालय पोटियाकला तक फोरलेन सड़क, नय सर्किट हाउस, संगीत महाविद्यालय, महाराजा चौक से ईरानी डेरा चौक तक 1.80 किमी स्ट्रीट लाइट, विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज शामिल है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। फ्लाईओवर से महाराजा चौक और पोटिया चौक पर नए फ्लाईओवर का निर्माण से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और आवागमन सुगम होगा। विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज निर्माण से रेल फाटक की समस्या से राहत मिलेगी। दुर्ग से पोटियाकला होते हुए हनोदा तक फोरलेन सड़क से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का बेहतर संपर्क होगा। संगीत महाविद्यालय की स्थापना कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं को शिक्षा का नया अवसर मिलेगा। नए सर्किट हाउस का निर्माण से शहर में आने वाले अतिथियों और अधिकारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्यवस्था तैयार होगी।

**हंगामेदार रही सामान्यसभा : घुघवा में रेत का अवैध खनन, सदस्यों ने जताई नाराजगी**

# परमिशन बालोद का और ईंट भट्ठा चल रहा दुर्ग जिले के मेड़ेसरा में, माइनिंग अफसर और जिपं सदस्य में झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

*जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। जिला पंचायत के लगभग सभी सदस्यों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर जमकर नारेबाजी व्यक्त की। सबसे ज्यादा खनिज विभाग में अनियमितता, गड़बड़ी को लेकर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि पाटन के घुघवा में रेत का अवैध खनन हो रहा है। जांच के लिए जब भी टीम पहुंचती है, उससे पहले ही रेत माफियाओं को खबर दे दी जाती है।*

इधर पूरे पाटन में रेत और मुरुम का अवैध परिवहन हो रहा है। जांच और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इस विषय को लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने कहा कि शिवनाथ नदी के किनारे पर कई ईंटभट्ठे ऐसे हैं, जो 100 मीटर के दायरे पर चल रहे हैं। मेड़ेसरा में बिना परमिशन ईंट भट्ठे का संचालन हो रहा है। इस ईंट भट्ठे का परमिशन बालोद जिले का है, लेकिन दुर्ग खनिज विभाग इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस विषय को लेकर खनिज विभाग के अधिकारी के साथ प्रिया साहू की तीखी बहस भी हुई। बात झगड़े तक पहुंच गई। बाद में अन्य सदस्यों ने मामला शांत कराया। बैठक में जिला पंचायत के अन्य सदस्यों ने भी राशनकार्ड, खाद्यान्न वितरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, पीएचई के कार्यों को लेकर भी प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अशोक साहू, दानेश्वर साहू, जितेंद्र यादव, पवन शर्मा, आशा मिश्रा, आकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### खनिज विभाग ने ईंट भट्ठा संचालकों पर लगाई 1 लाख तक की पेनल्टी

जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू ने निपानी, केसरा, बोरेंदा, कौही में ईंट भट्ठा संचालकों पर 1-1 लाख रुपए तक की पेनल्टी लगाए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों पर यह कार्रवारी की जा रही है, वहीं पाटन क्षेत्र में कई जगहों पर रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। ये खनिज विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। स्वीकृति के बाद भी कई जगहों पर मनमाने तरीके से कार्रवाई की गई है। सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी ने खाद्यान्न वितरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक महीने पहले हितग्राहियों से थम्ब इंप्रेशन लिए जा रहे हैं और राशन एक महीने बाद दिया जा रहा है। यह सीधे तौर पर अनियमितता है।




### धमधा में राशन कार्ड के नाम पर लिए जा रहे पैसे

सदस्यों ने कहा कि राशनकार्ड के नाम धमधा में करीब 300 आवेदन लिए गए। राशनकार्ड बनने के बाद पैसे लेकर उन्हें दिया जा रहा है। जनपद पंचायत में खाद्य विभाग की एक महिला अधिकारी यह कार्य कर रही है। आपत्ति करने पर वह लोगों से दुर्व्यवहार किया जाता है। इस मामले में जांच कर दोषी अधिकारी पर कार्रवाई करने की बात कही गई। जितेंद्र यादव ने स्वच्छता मिशन के अंतर्गत 4 साल पहले स्वीकृत किए गए शौचालय की सिर्फ एक किस्त जारी होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दूसरे विधानसभा के विधायक अपनी विधानसभा छोड़ दूसरे विधायक के क्षेत्र के कार्यों में दखलनदाजी कर रहे हैं।

### किसानों को नहीं मिल रहे सब्सिडी वाले सामान, किया विरोध

सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा कि किसानों को सब्सिडी वाले सामान नहीं मिल पा रहे हैं। वे पिछले छह महीने से परेशान हो रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा ने कहा कि पीएम आवास को लेकर वर्ष 2001 और 2011 के सर्वे सूची को आधार बनाया गया है, लेकिन सर्वे सूची के बाहर के भी कुछ लोगों को आवास की पात्रता दी गई है। अशोक साहू ने कहा कि आरईएस के माध्यम से उद्यान विभाग का काम स्वीकृत हुआ है। करीब 25 लाख रुपए के इस काम के बारे में विभाग के अधिकारियों को ही जानकारी नहीं है। समग्र शिक्षा का करीब 80 लाख का काम पेंडिंग है। देवेंद्र चंद्रवंशी ने मनरेगा के कार्यों को पंचायत स्तर पर स्वीकृत किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विशेष राजनीतिक पार्टी से जुड़े पंचायत प्रतिनिधियों के पंचायतों में कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं।

## परसा के फूलों ने बढ़ाया वसंत का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭डौंडीलोहारा

फाल्गुन माह के आगमन के साथ ही जंगलों और ग्रामीण अंचलों में पलाश के फूलों की लालिमा छा गई है। दूर से ही दहकती आग-सी दिखने वाली पलाश की टहनियां लोगों का मन मोह रही हैं। पत्तों से लगभग खाली पेड़ों पर जब गहरे नारंगी और सुर्ख लाल फूलों के गुच्छे खिलते हैं तो पूरा वातावरण वसंत के उल्लास से भर उठता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश को टेसू तथा छत्तीसगढ़ी में परसा के नाम से भी जाना जाता है। होली के पर्व के नजदीक आते ही इन फूलों की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि पारंपरिक रूप से इन्हीं से प्राकृतिक रंग तैयार किए जाते हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि पहले गांवों में पलाश के फूलों को सुखाकर या उबालकर रंग बनाया जाता था, जो त्वचा के लिए लाभकारी होता था। अब एक बार फिर लोग रासायनिक रंगों से बचने के लिए प्राकृतिक विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं।पलाश के फूल न केवल सौंदर्य का प्रतीक हैं, बल्कि आयुर्वेद में भी इनका विशेष महत्व बताया गया है। इसके पेड़ की छाल, फूल और गोंद औषधीय गुणों से भरपूर माने जाते हैं। फाल्गुन की मस्ती में जब खेतों में सरसों की पीली आभा और आम के बौर की खुशबू घुलती है, तब पलाश की लालिमा प्रकृति की रंगोली को और भी आकर्षक बना देती है। प्रकृति का यह अनुपम उपहार फाल्गुन के उल्लास को दोगुना कर रहा है और हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रहा है।



# 1.28 करोड़ के विकास कार्य का सांसद विजय ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



- वार्ड-25 में 1.10 करोड़ से होगा डामरीकरण

वार्ड 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड में 1.28 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। गुरुवार को मुख्यमंत्री नगरोत्थन योजना अन्तर्गत वार्ड 25 में डामरीकरण 1.10 करोड़ रुपए, दीप नगर में सीमेंटीकरण 10 लाख रुपए और हाउसिंग बोर्ड में 8 लाख रुपए से उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, वार्ड पार्षद नोहर वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार में लगातार विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि लगातार वार्ड के विकास के प्रति पार्षद नोहर वर्मा सक्रिय है जिनके माध्यम से 4 सालों में इस वार्ड में लगभग 5 करोड़ से ऊपर के अलग-अलग विकास कार्य हुए है। पार्षद ने शासन द्वारा फंड स्वीकृति व कार्य प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन का आभार व्यक्त किया है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जवाहर नगर दीप नगर के समस्त कॉलोनीवासी, सांसद प्रतिनिध प्रमोद सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद महेश वर्मा, पार्षद संजय सिंह, पार्षद मुकेश अग्रवाल, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# नई कार्यकारिणी ने एकजुटता का दिया संदेश जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने राजीव भवन में की बैठक

गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक जिला कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के परिचय सत्र से हुई, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे से औपचारिक परिचय कराया गया। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्ति प्रमाण पत्र के साथ परिचय पत्र प्रदान कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। राकेश ठाकुर ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन करें। पेज प्रभारी, ग्राम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष सहित संपूर्ण संगठनात्मक ढांचा तैयार कर उसकी सूची तत्काल जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि चारों विस सीटें पाटन, अहिवारा, दुर्ग ग्रामीण एवं साजा को वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने हेतु अभी से योजनाबद्ध तरीके से मेहनत प्रारंभ करनी होगी। बैठक में राजेश ठाकुर, मोहन साहू, मनहरण यादव, श्रीकांत वर्मा, उमेश साहू, संतोष बाफना, देवेंद्र देशमुख, कमलेश साहू, शिवकुमार वर्मा को भी नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विक्रांत अग्रवाल, विशाल देशमुख, जयप्रकाश चंद्राकर, महेंद्र वर्मा, तरूण बिजौर, प्रमोद राजपूत, रोहित कुर्रे आदि मौजूद थे।

**कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक, दिए आवश्यक दिशा**

# मिलर्स को कलेक्टर की दो टूक-28 तक कटाएं डीओ, 15 मार्च तक कराएं उठाव



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

धान खरीदी पूरी होने के बाद भी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव पूरी तरह शुरू नहीं हो पा रहा है। यहां तक मिलर्स डीओ कटाने को लेकर भी रूचि नहीं ले रहे हैं। इसे देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को मिलर्स की बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने मिलर्स से दो टूक कहा कि धान के उठाव में मिलर्स तेजी लाएं। डीओ भी कटवाएं। कलेक्टर ने कहा कि डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है, जिससे समितियों में धान का भंडारण बढ़ रहा है। उन्होंने 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 15 मार्च तक सभी समितियों से धान उठाव पूर्ण करने की समय-सीमा तय की।

कलेक्टर ने कहा कि उठाव के समय जिन स्थानों के लिए टैगिंग की जा चुकी है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए। इस संबंध में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) के वितरण एवं उठाव की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मिलिंग के साथ-साथ एफआरके की निर्धारित मात्रा का भी समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में मिलर्स ने डीओ कटवाकर उठाव में तेजी लाने पर सहमति जताई और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने मिलर्स को निर्देश दिए कि मार्च माह में पीडीएस के तहत चावल वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो दिवस के भीतर टैगिंग अनुसार चावल संबंधित गोदामों में जमा कराएं।

### एफसीआई नहीं ले रहा धान, इसलिए ज्यादा दिक्कत

मिलर्स ने कलेक्टर को अवगत कराया कि एफसीआई धान नहीं ले रहा है, जबकि खरीदी का करीब 50 प्रतिशत धान एफसीआई लेते आ रहा है। एफसीआई में पिछले साल का धान लंबित है, उसे लिया जा रहा है। इसके अलावा एफसीआई में धान रखने की जगह भी नहीं है। इस वजह से एफसीआई धान लेने को तैयार नहीं है। मिलर्स यदि सारा धान का उठाव करते हैं, तो रखने की दिक्कत होगी। कलेक्टर ने इस विषय पर चर्चा का भरोसा दिलाया।

## सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार का बजट, हेल्थ सुविधाएं भी बढ़ेंगी



दुर्ग। जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने 1 लाख 72 हजार करोड़ के बजट 2026 के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार और बुनियादी ढांचे के विस्तार के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है, जिसके लिए विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई है। यह बजट ग्रामीण, आदिवासी और शहरी क्षेत्रों के बीच एक बेहतर संतुलन स्थापित करता है। बुनियादी ढांचे और तकनीकी शिक्षा पर निवेश भविष्य में राज्य की जीडीपी को नई गति प्रदान करने वाला है। सभापति प्रिया ने कहा है कि बजट 2026-27 बस्तर और सुरगुजा जैसे पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देता है. इसे राज्य के समग्र विकास और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण है। 2026 का बजट संकल्प के थीम पर बनाया गया है, जो समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक को समावेशित करता है। इस बजट की घोषणाओं में से एक रानी दुर्गावती योजना है, जिसके तहत 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर लड़कियों को 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

**महापौर ने किया निरीक्षण, रोडमैप तैयार करने किया निर्देशित**

# दुर्ग शिवनाथ मुक्तिधाम में मिलेगा शांत और आध्यात्मिक वातावरण, बनेंगे दो स्वागत द्वार, श्रद्धांजलि के लिए सभा स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कभी हरनाबांधा मुक्तिधाम की तरह अब शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम का भी कायाकल्प होगा। शहर के अंतिम संस्कार स्थलों में से एक शिवनाथ नदी मुक्तिधाम को अब पूरी तरह नए, स्वच्छ, आधुनिक और आध्यात्मिक स्वरूप में विकसित करने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। मुक्तिधाम में पहुंचने वाले लोगों को दिव्य, शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण मिलेगा। महापौर अलका बाघमार की पहल पर यह महत्त्वाकांक्षी परियोजना आकार ले रही है, जिसका उद्देश्य मुक्तिधाम को गरिमामय, शांत और सुविधाजनक स्थल के रूप में विकसित करना है। मुक्तिधाम में दो नए गेट बनेंगे। वहीं एक श्रद्धांजलि सभा स्थल का निर्माण किया जाएगा।



### जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गुरुवार की सुबह महापौर के नेतृत्व में मुक्तिधाम का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें एमआईसी मेंबर देव नारायण चंद्रकार, मनीष साहू, चतुर्भुज राठी, अरुण सिंह, मनोज राठी, राजू पोद्दार, राधेश्याम चांडक, हेमंत टावरी, चीकू भूतड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

### मुक्तिधाम में लगेगी आकर्षक लाइट, टाइल्स भी लगेंगे

मुक्तिधा में दो भव्य प्रवेश द्वार बनेंगे। दोनों ओर से प्रवेश योग्य मुक्तिधाम को सुसज्जित और आकर्षक द्वारों से जोड़ा जाएगा। टाइल्स युक्त श्रद्धांजलि सभा कक्ष श्रद्धांजलि सभाओं के लिए आधुनिक, साफ-सुथरा और सम्मानजनक कक्ष विकसित किया जाएगा, जो टाइल्स और विशेष सज्जा से युक्त होगा। मुक्तिधाम परिसर में लाइटिंग की प्राप्त व्यवस्था की जाएगी और लकड़ी जो परिसर में फैली हुई थी उसे व्यवस्थित ढंग से एक तरफ उसका सेड निर्माण कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बाईपास सड़क की मांग की मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**डौंडीलोहारा।** नगर में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव को देखते हुए



शिवसेना नेता संदीप कसार ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम बाईपास सड़क निर्माण की मांग करते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगरवासियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे क्रमांक-5 पर भारी वाहनों ट्रक, हाईवा, ट्रेलर, ओवरलोड भूसा गाड़ियां तथा आयरन ओर परिवहन करने वाले बड़े वाहनों की आवाजाही दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके कारण मुख्य मार्ग पर अत्यधिक दबाव बन रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।डौंडीलोहारा आदिवासी अंचल का प्रमुख मुख्यालय होने के कारण यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। शासकीय कार्यालयों, बाजार और शिक्षण संस्थानों में आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या भी काफी अधिक है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्गों और ग्रामीणों को भारी वाहनों के बीच सड़क पार करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संदीप कसार ने कहा कि नगर के बाहरी हिस्से से सुनियोजित तरीके से बाईपास सड़क का निर्माण कर तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जाए। ताकि भारी वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश किए बिना वैकल्पिक मार्ग मिल सके। इससे नगर के भीतर ट्रैफिक दबाव कम होगा, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

### बारूद से भरा ट्रक ट्रांसफार्मर पोल से टकराया, लगी आग, बड़ा हादसा टला



**भिलाई।** शहर में आधी रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भिलाई-3 क्षेत्र में बारूद से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर मेन मार्केट में ट्रांसफार्मर पोल से जा टकराई। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटना रात करीब 2.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। ट्रक के केबिन से आग की लपटें उठती देख लोगों ने तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। वाहन चालक महेन्द्र कुमार गेंड्रे और क्लीनर उमेश कुमार गेंड्रे को उपचार के लिए सुपेला अस्पताल लेकर गए। वाहन चालक के खिलाफ विद्युत अधिनियम, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार रायपुर की ओर जा रही बारूद से भरी ट्रक क्रमांक टीएस 05 यूबी 2355 अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर पोल क्षतिग्रस्त हो गया।

# चिरायु टीम की पहल से दो वर्षीय मासूम को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित चिरायु टीम बालोद जिले में बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। हाल ही में जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बेलौदी के 02 वर्षी बालक भावेश साहू को जन्मजात हृदय रोग से मुक्ति दिलाकर नया जीवन प्रदान किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 12 जून 2025 को चिरायु टीम जब बेलौदी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए गई थी, तब वहां निरंजन साहू के पुत्र भावेश उम्र 02 वर्ष की जांच की गई। शुरुआती जांच में टीम को बच्चे की धड़कन असामान्य और उम्र के अनुसार शारीरिक विकास भी कम पाया गया। काउंसलिंग के बाद बच्चे को जिला अस्पताल बालोद भेजा गया, जहां शिशु रोग विशेषज्ञ ने जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि की। बच्चे के माता–पिता ने इस सफल उपचार के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है। इस पूरे मिशन में चिरायु टीम के डॉ. रीतिप्रभा बेलचंदन, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्र चंद्राकर, ऋषि चतुर्वेदी, नितिन एंड्रयूज और याद साहू का सराहनीय योगदान रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि चिरायु टीम का लक्ष्य जिले के हर बच्चे तक पहुंचकर उन्हें जन्मजात विकारों से मुक्त करना है।

## जन्मजात हृदय रोग की समय पर पहचान से संभव हुआ उपचार



### सफल हृदय ऑपरेशन हुआ, अब पूरी तरह स्वस्थ

उन्होंने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय उपचार हेतु बच्चे को रायपुर रेफर किया गया। इस दौरान इको जांच में पता चला कि बच्चे के दिल के निचले दो कक्षों के बीच छेद था और धमनियों के बीच एक अतिरिक्त रक्तवाहिका खुली हुई थी, जिससे फेफड़ों और दिल पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा था। उन्होंने बताया कि बच्चे के ऑपरेशन के लिए 10 फरवरी 2026 को बुलाया गया तथा 19 फरवरी को भावेश का सफल ऑपरेशन किया गया। इसके साथ ही 26 फरवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने बताया कि सर्जरी के बाद भावेश अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसका हृदय सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।



## पड़ताल : चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

# जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सुबह जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के समय पर उपस्थित नही होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य अस्पताल अधीक्षक को इनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मरीजों एवं परिजनों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति एवं अस्पताल में उन्हें मिल रहे सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस

- विभिन्न वार्डों और इकाइयों का किया निरीक्षण



दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय एवं अस्पताल परिसर में स्थित मातृ–शिशु अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर अस्पताल के व्यवस्थाओं का गहन पड़ताल किया।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी कक्ष, महिला एवं पुलिस वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, फिजियोथेरेपी एवं डायलिसिस वार्ड, आयुष एवं होमियोपैथी विभाग के अलावा मातृ–शिशु अस्पताल में नवजात शिशुओं के गहन देखभाल इकाई, प्रसूति कक्ष आदि विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। मिश्रा ने विशेष नवजात देखभाल इकाई में पहुंचकर वहां उपस्थित डॉक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों से नवजात बच्चों के इलाज की व्यवस्था एवं उनके उचित देखभाल के संबंध में जानकारी ली एवं उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिला अस्पताल में भतएँ होने वाले मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के अलावा उन्हें जरूरी सुविधाओं का लाभ प्रदान करने तथा संपूर्ण अस्पताल में बेहतर प्रबंधन एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के संबंध में सख्त निर्देश दिए।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

मातृ–शिशु अस्पताल में समुचित साफ–सफाई नही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित सफाई सुपरवाईजर को कड़ी फटकार लगाई। मिश्रा ने मुख्य अस्पताल अधीक्षक को सफाई ठेकेदार के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों एवं सफाई सुपरवाईजर को साफ–सफाई की व्यवस्था में तत्काल सुधार करते हुए संपूर्ण अस्पताल को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।




## नुक्कड़ नाटक का मंचन कर साइबर अपराध की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाज कार्य के विद्यार्थीगण ग्राम जंजगिरी में क्षेत्रीय कार्य के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साइबर क्राइम के बढ़ रहे अपराध बारे में जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि दिन प्रतिदिन लोग कैसे ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे किसी भी अनजाने नंबर में अगर कॉल आए या एसएमएस आए और ओटीपी या खाता नंबर मांगे तो कभी भी किसी को ओटीपी और खाता नंबर नहीं नहीं बताना चाहिए।

- ओटीपी और बैंक जानकारी साझा न करने की अपील

साथ ही साथ ऑनलाइन खरीदी जैसे मिसो, अमेजॉन, फिलिप कार्ड, में लोग फर्जी आईडी बनाकर अच्छे-अच्छे कपड़े और सामान दिखाते हैं और खराब कपड़े और सामान भेजते हैं किसान सम्मन निधि के नाम से मैसेज या लिंक आए यो उसे डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अगर ऐसा किसी प्रकार की धोखाधड़ी होते हैं तो आप सर्वप्रथम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल शिकायत करें या तो नजदीकी पुलिस थाना में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराए समाज कार्य के सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू ने कहा कि दिन प्रतिदिन ऑनलाइन की अपराध पढ़ रही हमें मोबाइल का सदुपयोग करना चाहिए। आजकल बच्चे मोबाइल में ही ज्यादा बिजी रहते है। जिससे परिवार में आपसी तालमेल में कमी देखने को मिलते है। ऑनलाइन गेम में बच्चे बिजी रहते है इन सबसे बच्चों को दूर रखना चाहिए कार्यकम को सफल बनाने में विनय, विकास, उमेन्द्र,डामन, रामसिंह, मनीषा, सरिता, हेमिन डहरिया, नेहा साहू, सोमलता, देविका, टिकेश्वरी, रूबी साहू, यशोनिधि, टॉमिन, ज्योति, खिलेंद्र, मुस्कान, यशवंत, आरती,ललिता, डोमेश्वरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजयुमो जिला मीडिया प्रमुख अभिन्न ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजयुमो जिला मीडिया प्रमुख अभिन्न यादव ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की तथा उनको हस्त निर्मित उनका फोटो भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेताओ के साथ युवा नेता डॉ मोहन यादव के स्वागत के लिए पहुंचे थे। राज्य के दौरे पर रायपुर पहुंचे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का युवा भाजपा नेता व जिला मिडिया प्रभारी अभिन्न यादव ने रायपुर मे स्वागत किया। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री मोहन यादव को उनकी तस्वीर भेट की। इस दौरान मोहन यादव ने अभिन्न यादव के द्वारा प्रदान किए गए तस्वीर की सराहना की तथा उससे कुछ समय तक विभिन्न विशयों पर चर्चा की। इस दौरान युवा नेता अभिन्न यादव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से राजनीति के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किए तथा मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, तेल उत्पादन पर जोर



हरिभूमि न्यूज:बालोद

छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू ने बालोद जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागों के द्वारा तेलघानी के परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लघु उद्यमियों एवं तिलहन उत्पादक कृषकों के सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार एवं इनके उन्नयन हेतु किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

- परंपरागत उद्यमियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने की पहल
- तिलहनी फसलों के रकबे और उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा

इस अवसर पर साहू ने व्यक्ति एवं समाज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तायुक्त तेल के सेवन को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड द्वारा स्कूलों एवं छात्रवास आश्रमों तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के अलावा सभी लोगों को गुणवत्तायुक्त तेल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, सहित जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में राज्य तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि, उद्योग, आदिम जाति, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, उद्यानिकी, अत्यांवसायी वित्त एवं विकास निगम, खाद्य सुरक्षा आदि के कार्यों की समीक्षा की। साहू ने कृषि विभाग के उप संचालक को कृषि विभाग द्वारा बालोद जिले में कुसुम, सरसों एवं अन्य तिलहनी फसलों के पैदावार में वृद्धि हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को समुचित मात्र में कुसुम के बीज एवं इसके उत्पादन के लिए प्रेरित करने की भी आवश्यकता बताई। जिले में उद्योग विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए परंपरागत व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से इसका समुचित प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साहू ने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लघु उद्यमियों को आवश्यक मदद उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ने अधिकारियों को इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित कराकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के परिकल्पना को साकार करने में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में साहू ने श्रम, रोजगार आदि विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को इन योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान करने हेतु इनका समुचित प्रचार–प्रसार एवं जमीनी स्तर पर समुचित क्रियान्वयन के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

### बंद फैक्ट्री में लगी आग

**भिलाई।** इंडस्ट्री एरिया में गुरुवार शाम एक बंद फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम करीब 5.30 बजे गणपति इंडस्ट्री में रखे वेस्ट मटेरियल और ऑयल के ड्रम में अचानक आग भड़क उठी। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एक दमकल वाहन तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचने पर अग्निशमन कर्मियों ने देखा कि फैक्ट्री परिसर के अंदर आग तेजी से फैल रही है।

# नशे में बस चला रहा था ड्राइवर, पुलिस की सतर्कता से 50 से अधिक सवारी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस की सतर्कता ने 50 से अधिक बरातियों को खतरे से बचा लिया। शराब सेवन कर बस ड्रायवर देर रात बाराती लेकर वापस लौट रहा था, आरोप है कि वह नशे की हालत में ही बस चला रहा था, जिसके कारण बस को जप्त किया गया, बस मालिक ने रात्रि में ही दुसरी बस की व्यवस्था कर उस बस के माध्यम से बारातियों को भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार बारातियो से भरी बस मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के भटगांव से अभनपुर क्षेत्र के भाटापारा बेलर लौट रहे थे।

- बढ़ते यातायात दबाव को लेकर बाईपास निर्माण की मांग



इसी दौरान झलमला चौक में यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए चेक पोस्ट पर जवानों को बस ड्राइवर की गतिविधियां संदिग्ध लगी। बस को रोककर जांच की गई तो ड्राइवर शराब के नशे में पाया गया। इसके बाद पुलिस ने तत्काल बस को जब्त कर बालोद कोतवाली थाने में खड़ा कर दिया। इस दौरान बारातियों ने बस को छोड़ने की काफी मिन्नतें की, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन छोड़ने से इन्कार कर दिया। करीब दो घंटे बाद बस मालिक ने दूसरे ड्राइवर के साथ वैकल्पिक बस भेजी, जिससे सभी बाराती सुरक्षित अपने घर लौट सके।

बताया जा रहा है कि रिसेप्शन कार्यक्रम के दौरान चालक ने शराब का सेवन कर लिया था और उसी हालत में बस चला रहा था, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी।

## 8.64 ग्राम हेरोइन के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर थाना और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए 8.640 ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त की है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 25 फरवरी की रात मुखबिर सूचना पर टीम ने शिव मंदिर के पास, जवाहर नगर शादी भवन के समीप घेराबंदी की। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8.640 ग्राम हेरोइन, नगद रकम, चार मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में नशे की सप्लाई चेन से जुड़े एक अन्य आरोपी का नाम सामने आया, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और 29 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में शेखर राव, उम्र 18 वर्ष, निवासी सुभाष चौक कैंप-1 भिलाई, कुंदन उर्फ कुम्बज वर्मा, उम्र 27 वर्ष, निवासी सुभाष चौक कोऑपरेटिव के पास भिलाई-3, मोहम्मद सोहेल खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी संजय नगर आरडीए प्लॉट क्रमांक 242, थाना टिकरापारा रायपुर और हर्ष भट्टी, निवासी शांति नगर भिलाई शामिल हैं।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

बेल सिंग पिता रामप्रसाद, जाति कलार, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम जर्राडीह, पोस्ट मंगचुवा, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं -

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में भीनेश कुमार (BHINESH KUMAR) पिता बेल सिंग (BEL SINGH) दर्ज है जो कि सत्य व सही है तथा मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्र. 7972 5865 6809 में मीनेश कुमार त्रुटिवश दर्ज हो गया।
3. यह कि, मुझ शपथकर्ता के पुत्र आधार कार्ड में दर्ज नाम मीनेश कुमार को सुधार कर वास्तविक व सही नाम भीनेश कुमार दर्ज कराने की सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 27/02/2026 को निष्पादित है।
4. यह कि, शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य व सही है, असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।

**शपथकर्ता**

**-:सत्यापन:-**

मैं शपथकर्ता तसदीक करता हूँ कि शपथपूर्वक बयान कंडिका 01 से 04 तक के कथन मेरे अधिकतम एवं निजी/ज्ञान व विश्वास से सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 27/02/2026 को मुकाम डौण्डीलोहारा में पढ़/ पढ़ाकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

**बेलसिंग**
**सत्यापनकर्ता**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

**फार्म अ**

**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि **आवेदक विजय कुमार गायतेन आ. श्री सेवंतलाल, जाति सतनामी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम बोहारडीह गुरूर वार्ड नं 05, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका अंजू यादव आ. भूषण लाल, उम्र 20 वर्ष, जाति रावत, निवासी ग्राम बोहारडीह गुरूर वार्ड नं. 01, तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)** द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक **17.03.2026** के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक **17.02.2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अगामी तिथि- 17.03.2026**

मुहर

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मानदेय वृद्धि के बाद रसोइयों ने खत्म की दो माह पुरानी हड़ताल

**बालोद।** बजट मे रसोईयों के मानदेय में वृद्धि के प्रावधान के बाद रसोईयों ने अपना दो माह पुराने हड़ताल को वापस ले लिया है। छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईयां संयुक्त संघ जिला बालोद द्वारा धरना वापस लेने बाबत जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईयां संघ का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन 29 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 तक किया गया। संघ ने बजट में रसोईये के मानदेय में वृद्धि होने के कारण अपने धरना प्रदर्शन को वापस लेने की बात कही गई है। संघ ने कहा कि छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईयां संयुक्त संघ के सभी रसोईयां कर्मचारी 2 मार्च से अपने कार्य पर वापस लौटेंगे।

### ग्राम धोबे दंड और कोंडेकसा में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** भाजपा मंडल कुसुमकसा के अंतर्गत ग्राम धोबे दंड में 10 लाख की लागत से सी सी रोड निर्माण व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडेकसा में 12 लाख की लागत से आहता निर्माण का भूमि पूजन बूथ अध्यक्ष गैदा बाई दुग्गा व पुरन करपाल के हाथों कराया गया। योगेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा के द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए एक नई परंपरा की शुरुआत की गई है। जिसके तहत उन्होंने विगत दिनों कहा था कि जिस किसी भी बूथ स्तर पर निर्माण कार्य स्वीकृत किया जाएगा। उक्त निर्माण कार्य का भूमि पूजन का कार्य बूथ अध्यक्षों के द्वारा किया जाएगा। इसी नई परंपरा का पालन करते हुए बूथ अध्यक्ष के हाथों भूमि पूजन कराया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा का कार्यकर्ता है । इस लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए कुसुमकसा मंडल मे जो भी विकास कार्य का भूमि पूजन होगा। उस ग्राम के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी के हाथो ही कार्य संपन्न किया जाएगा। इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल साहू व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा सरपंच संत राम रावटे उपसरपंच मीरा बाई दरो माहेश्वरी यादव, प्रतिमा वी के सुगंथाराम तारम मीना करपाल सहित पंच गण व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### शराब के 33 प्रकरणों में 20 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** होली के मद्देनजर दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ जिलेभर में विशेष अभियान चलाया। 33 अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई की गई। वहीं 710 पाव देशी शराब जब्त करते हुए 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत 20 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 20 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। वहीं धारा 36(च) के तहत 13 और प्रकरण कायम किए गए हैं।

**मांग : बस स्टैंड में धरना, केंद्रों पर लटका ताला**

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दो दिवसीय हड़ताल पर हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने शहर के बस स्टैण्ड में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगे रखी। हड़ताल के कारण जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटका रहा, जिससे महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के संचालन पर असर पड़ा है। पोषण अभियान, टीकाकरण सहयोग, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देख रेख तथा सर्वे जैसे कार्य प्रभावित हुए हैं।

हड़ताली कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे वर्षों से शासन की योजनाओं का निष्ठापूर्वक क्रियान्वयन कर रही हैं, बावजूद इसके उन्हें अब तक शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। उनका आरोप है कि नियमित कर्मचारियों की तरह जिम्मेदारियां निभाने के बाद भी उन्हें न तो वेतनमान का लाभ मिलता है और न ही अन्य शासकीय सुविधाए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस प्रकार शिक्षा कर्मियों और पंचायत कर्मियों को नीति बनाकर नियमित किया गया, उसी प्रकार उन्हें भी नियमित किया जाए। जब तक शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं किया जाता, तब तक न्यूनतम वेतन दिए जाने की मांग की गई है। उनका मुख्य मांग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करना है। साथ ही मध्यप्रदेश की तर्ज पर सभी सुविधाएं लागू करने, प्रतिवर्ष 1000 मानदेय वृद्धि का एग्रीमेंट करने, सामाजिक सुरक्षा के तहत मासिक पेंशन, बीमा, सेवानिवृत्ति लाभ, मृत्यु पर एकमुश्त सहायता राशि एवं ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग प्रमुखता से उठाई। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान मानदेय महंगाई के अनुरुप पर्याप्त नहीं है, जिससे परिवार का भरण–पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन–प्रशासन ने उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो मार्च माह में प्रदेश स्तरीय आंदोलन करते हुए विधानसभा घेराव किया जाएगा।





धरना प्रदर्शन में प्रदेश भारतीय महासंघ की महामंत्री माधुरी रथ, जिलाध्यक्ष बिटा साहू, डामिन, ज्योति, आयशा खान, कल्याणी साहू, सतोषी मंडावी, आशा गोस्वामी, सुनीता, कमला चंद्राकर, प्रभा देवी, अनीता मेश्राम सहित जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बड़ी संख्या में शामिल रहीं।

## 12वीं मुख्य परीक्षा के दौरान जिला स्तरीय उड़नदस्ता का ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा कक्षा 12वीं के अंतर्गत 27 फरवरी को जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र सेजेस निपानी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरछेड़ी, तथा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलमांड विकास खंड बालोद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आज कक्षा 12वीं का जीवविज्ञान एवं अर्थशास्त्र विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी एवं एपीसी जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बालोद लेख राम साहू द्वारा परीक्षा केंद्रों में उपस्थित विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा को बिना किसी तनाव और बिना भय के उत्सव के रूप में मनाने कहा गया।

■ नकल का कोई मामला नहीं मिला

निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में जिला शिक्षा अधिकारी जिला बालोद मधुलिका तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक, जिला परियोजना कार्यालय बालोद लेख राम साहू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं व्यायाम शिक्षक आदिला खान उपस्थित थे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में युवा जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ज्ञानांजलि भवन दल्लीराजहरा में 26 फरवरी को सम्मान समारोह एवं आशीर्वचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े युवा प्रतिनिधियों का स्वागत-सत्कार एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भ्राता सागर गनीर (भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष)भ्राता सुमित जैन (भाजपा युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी), भ्राता एम.एस. श्री जीत (भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री),भ्राता सहिल सावलकर (भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य) तथा बहन गीता मरकाम (भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री) उपस्थित रहे। दल्लीराजहरा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहन ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी अतिथि अपने-अपने क्षेत्रों में कुशल प्रशासक बनकर सेवा, सहयोग और सद्भाव के साथ कार्य करें। साथ ही ईश्वरीय विश्वविद्यालय से जुड़कर राजयोग ध्यान के माध्यम से परमात्मा शिव से शांति, शक्ति, गुण और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर आत्मिक जागृति एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने का संदेश दिया।

■ राजयोग, नैतिक मूल्यों और आत्मिक जागृति का दिया गया

अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में कहा कि इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सम्मान पाकर वे स्वयं को धन्य अनुभव कर रहे हैं और इसे अपना परम सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने आध्यात्मिक वातावरण और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए संस्था के कार्यों की प्रशंसा की।कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्मा शिव की स्मृति में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच संचालन गोपेश सोनवानी, वरिष्ठ शिक्षक आईटीआई बालोद द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संगीतात्मक प्रस्तुति से वातावरण को भावविभोर कर दिया।पूरे कार्यक्रम में आध्यात्मिकता, शांति, प्रेम, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश प्रमुख रूप से देखने को मिला।

## कैंसर जागरूकता व प्राथमिक उपचार पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद की डौंडी लोहारा इकाई द्वारा शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में कैंसर जागरूकता एवं प्राथमिक सहायता विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ एकलव्य महाविद्यालय में रेड क्रॉस की पहल

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक नंद किशोर सिन्हा ने अतिथियों एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए रेड क्रॉस की जनसेवा गतिविधियों की सराहना की। रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य हेमंत साहू ने संस्था के ध्येय वाक्य स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता पर प्रकाश डालते हुए रेड क्रॉस के उद्देश्यों एवं सामाजिक दायित्वों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपदा, स्वास्थ्य एवं मानवीय सहायता के क्षेत्र में रेड क्रॉस महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। फरवरी माह को कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने के संदर्भ में जिला रेड क्रॉस प्रबंधन समिति की सदस्य व्याख्याता सुश्री एनुका शार्वा ने छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, पहचान, बचाव एवं उपचार के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय रहते जांच और उपचार से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि प्रारंभिक जांच की सुविधा जिला अस्पताल बालोद में कम खर्च में उपलब्ध है। कार्यक्रम में विकासखंड कोऑर्डिनेटर व्याख्याता सीमा सुशील जामवंते ने प्राथमिक सहायता और प्राथमिक चिकित्सा के अंतर को स्पष्ट करते हुए दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने सीमित संसाधनों में अस्थायी स्ट्रेचर तैयार कर दिखाया तथा विभिन्न जीव-जंतुओं के काटने पर अस्पताल पहुंचने से पहले बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रोशन आरा ने आयोजन के लिए रेड क्रॉस इकाई का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का आमंत्रण दिया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य कपिल पटेल, लवण साहू, प्राध्यापक देवानंद वर्मा, कुलेश्वर पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## ग्राम जाटादाह में अंगारों पर नंगे पैर चलने की अनूठी परंपरा, आस्था का अद्भुत संगम



**डौंडीलोहारा।** नगर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दल्ली राजहरा मुख्य मार्ग पर ग्राम जाटादाह में होली पर्व का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। यहां होलिका दहन के अगले दिन सुबह जलते अंगारों पर नंगे पैर चलने की अनूठी परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है।

ग्रामीणों की गहरी आस्था और विश्वास इस परंपरा को आज भी जीवंत बनाए हुए है। होलिका दहन की रात्रि गांव के चौक में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। अगले दिन जब लकड़ियां अंगारों में बदल जाती हैं, तब श्रद्धालु पुरुष और बच्चे बारी-बारी से उन तपते अंगारों पर नंगे पैर चलते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि आस्था से परिपूर्ण श्रद्धालुओं के पैर जलते नहीं हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह सब देवी-देवताओं की कृपा और उनकी अटूट श्रद्धा का परिणाम है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि यह परंपरा अनादिकाल से चली आ रही है और हर वर्ष बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से भी लोग यहां पहुंचते हैं। अंगारों पर चलने से गांव में सुख-शांति, समृद्धि और रोग-व्याधि से मुक्ति बनी रहती है, ऐसी मान्यता है। कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहता है।

ढोल-नगाड़ों की धुन, गुलाल और आपसी भाईचारे के बीच यह परंपरा संपन्न होती है। सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीण स्वयं व्यवस्था संभालते हैं ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो सके। ग्राम जाटादाह की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक विश्वास का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## परमात्मा को खोजने की नहीं जानने की जरूरत है : संत राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग व बालोद जिला के अंतिम छोड में सबेश्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगिचा में चल रहे महाभागवत पुराण के सप्तम दिवस में श्रीधाम से पधारे संत राजीव नयन जी महाराज ने कहा जीवन में सत्संग आए तो समझे प्रभु की कृपा। मनुष्य सुन्दर हो तो उसे अहंकार नहीं करना चाहिए। तन काला चलेगा परन्तु मन काला नहीं होना चाहिए। जीवन में अहंकार आ जाय तो प्रभु की कृपा नहीं होती, जिसके जीवन में सत्संग आ जाय उसके जीवन में प्रभु की कृपा समझे। गीता भगवान श्री कृष्ण के मुख से निकला गीत है। यह छोटा सा ग्रंथ सागर के समान है। उन्होंने कहा भगवान के पास गीता रखने मात्र से लाभ नहीं मिलता। ईश्वर को खोजना है तो उसे अपने अंदर खोजना चाहिए। परमात्मा को खोजने की नहीं पहिचानने की जरूरत है न जाने वो कौन सा रूप में आ जाय। कलयुग में भागवत ही सब सारों का सार है कोई भी व्यक्ति धन के माध्यम से भागवत कथा का लाभ नहीं उठा सकता। मनुष्य को भागवत में अपने सभी दोष अर्पित कर देने चाहिए इसके बाद ही उसे जीवन का महत्व समझ में आएगा। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख, तेजिया बाई देशमुख बैठे हैं।



### अहंकार त्याग और अंतर्मन की शुद्धि पर जोर

उन्होंने कहा कि मनुष्य के लिए मर्यादा का पालन उतना ही आवश्यक है जितना भोजन और वस्त्र। महाराज श्री ने भागवत कथा के अंतिम चरण में सुदामा चरित्र पर प्रकाश डाला एवं भगवान कृष्ण के परममित्र बालसखा सुदामा की कहानी श्रद्धालुओं के समक्ष रखी तो श्रद्धालुओं के आंखों में पानी आ गया नयन जी द्वारा सुदामा कृष्ण मिलन की इस कथा ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अहंकार त्याग और अंतर्मन में शुद्धि होना चाहिए । संजीव नयन के भक्तिमय भजनों ने सभी को मुग्ध कर दिया। आज कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर के सदस्यों ने बताये कि कदंब का वृक्ष मंदिर परिसर में एक पुराना का पेड़ है, जिसके बारे में यह मान्यता है कि इस पर नारियल और लाल कपड़ा बांधने से मनोकामनाएं (विवाह, नौकरी, संतान प्राप्ति) पूरी होती हैं। मेले में भागवत प्रवचन, रासलीला, और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। इस क्षेत्र के लोग इसे अपनी आस्था और संस्कृति का प्रतीक मानते हैं।

## बजट में किसान, युवा और आदिवासियों की अनदेखी : प्रदेश संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव दीपक आरदे ने कहा कि भाजपा सरकार का यह 'संकल्प' बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा है। उनके अनुसार बजट में किसान, युवा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता नहीं दी गई है।

आरदे ने आरोप लगाया कि अनियमित कर्मचारियों, रसोइया संघ और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सरकार ने कोई ठोस प्रावधान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पेट्रोल पर वैट में कटौती कर एक रुपये की राहत दी गई थी, लेकिन इस बार आम जनता को कोई राहत नहीं मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पूर्व में हजारों करोड़ का प्रावधान होने के बावजूद लाखों हितग्राही अब भी आवास से वंचित हैं। जिला मीडिया प्रभारी पंकज जैन ने कहा कि बस्तर और सरगुजा संभाग को विकास के नाम पर केवल आश्वासन मिला है। बालोद जिले के लिए बजट में किसी बड़े संस्थान जैसे मेडिकल कॉलेज या डीएड,बीएड कॉलेज की घोषणा नहीं की गई। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए घोषित प्रावधानों को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि राज्य में पहले से मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों के पद रिक्त हैं और बड़े अस्पतालों में मशीनें खराब पड़ी हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों की मांगें भी लंबित हैं।



आप नेताओं ने आरोप लगाया कि बजट में किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर ठोस कदम नहीं दिख रहे हैं। उनका कहना है कि कुल मिलाकर यह बजट आम जनता को निराश करने वाला है।

## होली से पहले बोनस, किसानों के सुख-दुख को समझती है सरकार : साहू

**बालोद/निकुम।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने होली के पहले किसानों को बोनस की सौगात देकर साबित कर दिया कि उनकी सरकार किसानों की सुख दुख को समझती है। उक्त बाते वरिष्ठ भाजपा व पुकेशवर भारती महाविद्यालय निकुम जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश साहू ने कही। पुकेशवर भारती ने कहा कि भाजपा जो वादा करती है। उसे पूरा करने में संकल्पित है, किसानों को निकट भविष्य में सरकार ऐसे ही कदम से कदम मिलाकर विकास की राह पर चलेगी, वही कृषि उन्नति योजना में छत्तीसगढ़ प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों को लगभग 10324 करोड़ रुपए मिलेगा।
















